सेकेंडरी स्कूलों में:

- दो दिवसीय दौर, जिनमें बारी बारी से प्रति दिन 4 पाठ्यक्रम पढाये जाते हैं, होना एक आम बात है।
- छात्रों को लैटर ग्रेड दिये जाते हैं और यदि छात्र किसी विषय में विफल होते हैं तब भी उन्हें उन विषयों में, जिनमें वे पास हुए हैं, अगली कक्षा में भेज दिया जाता है।
- स्नातक बनने के लिए कुछ विषयों में पास होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया ब्रोशर **बी सी में स्नातक अपेक्षाएं** देखें।
- स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए कुछ पाठ्यक्रमों में प्रांतीय परीक्षाएं पास करना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम के हर पहलू में शिक्षा मंत्रालय की ओर से शिक्षा मानक स्थापित किये गए हैं। प्रमुख सिद्धांतों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- सीखने की प्रक्रिया में छात्र की सक्रिय भागीदारी शामिल है।

- सीखने की प्रक्रिया विभिन्न तरीकों से और अलग अलग रफ़्तार से होती है।

- सीखना व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों किस्म की प्रक्रिया है।

VSB

"The Mandate of the British Columbia School System"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada · British Columbia · WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

ब्रिटिश कोलंबिया स्कूल प्रणाली का आदेशपत्र



बी सी स्कूल प्रणाली का उद्देश्य, शिक्षार्थियों को अपनी व्यक्तिगत क्षमता विकसित करने के लिए, एक स्वस्थ समाज और एक समृद्ध एवं सतत अर्थव्यवस्था को बनाने में योगदान देने के लिए, ज्ञान, कौशल और प्रवृतियाँ अर्जित करना है।

स्कूल अधिनियम, धारा 169 (3)

बी सी स्कूल प्रणाली निम्नलिखित मूल्यों और विश्वासों पर आधारित है:

- सीखने की प्रक्रिया विभिन्न तरीकों से और अलग अलग रफ़्तार से होती है।
- सीखना व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों किस्म की प्रक्रिया है।
- हर एक सीख सकता है - और मिल कर सीखें।
- खेल सीखने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।
- सामूहिक काम स्कूल के काम का एक अभिन्न हिस्सा है।
- शिक्षार्थियों को दिए जाने वाला होमवर्क उनकी उम्र पर निर्भर करता है।

.

- मौखिक भाषा का विकास शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- एलिमेंटरी स्कूल में छात्र आमतौर पर अपने हम उम्र बच्चों के साथ आगे बढ़ते हैं।
- शिक्षा कैसे प्राप्त की जाती है और जानकारी का उपयोग कैसे किया जाता है, इसे एक महत्वपूर्ण प्रवीणता माना जाता है।
- लैटर ग्रेडों का आधार परीक्षा के परिणामों के अलावा कई अन्य चीज़ों पर निर्भर करता है. अधिक जानकारी के लिए, **लैटर ग्रेड** ब्रोशर देखें।

विभिन्न आयु समूहों के बारे में जानने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें

किंडर गार्टन में:

- कोई लैटर ग्रेड नहीं दिए जाते हैं; सीखना खेल पर आधारित है, और
- सामाजिक निपुणता और बुनियादी विचारों के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

कक्षा 1 से 3 में:

- कोई लैटर ग्रेड नहीं दिए जाते हैं;
- सीखना विषय पर आधारित होता है;
- साक्षरता बजाय विशिष्ट पाठ्यपुस्तकों के, अनन्य किताबों का उपयोग कर के विकसित की जाती है;
- मौखिक भाषा, शब्दावली का निर्माण और पढ़ने और लिखने की योग्यता के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है;
- आम तौर पर सभी विषय क्षेत्रों के लिए केवल एक ही शिक्षक होता है, और
- विकास इन पांच क्षेत्रों पर केंद्रित है: बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक, कलात्मक, और भावनात्मक।

कक्षा 4 से 7 में:

- आम तौर पर लैटर ग्रेड दिए जाते है;
- अक्सर एक से अधिक शिक्षक होते हैं;
- छात्र पाठ्यपुस्तकों का उपयोग शुरू कर देते हैं, लेकिन जानकारी के एकमात्र स्रोत के रूप में नहीं;
- पढ़ने और लिखने की योग्यता पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है;
- मौखिक भाषा और सामूहिक कार्य अभी भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, और
- छात्रों से स्वयं सीखने की और आचरण की अधिक जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा की जाती है।

कक्षा 8 से 12 में:

- छात्रों के पास 8 विषय और 8 शिक्षक हो सकते हैं, और
- छात्रों से आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी की अधिक अपेक्षा की जाती है।

बी सी शिक्षा: सामाजिक ज़िम्मेदारी के साथ साथ सामाजिक भावनात्मक, बौध्दिक, कलात्मक और शारीरिक विकास की बढ़त।